दिनांक : 19.09.2025 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

**मुख्यमंत्री–रीवा–विकास कार्य**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रीवा जिले के त्योंथर विधानसभा में आज 162 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर वे निवेशक उद्यमियों से चर्चा करेंगे और औद्योगिक क्षेत्र घूमा में निवेश करने वाले उद्योगपतियों को भूमि आवंटन पत्र भी प्रदान करेंगे। जिन कार्यों का शिलान्यास होगा उनमें 124 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला कम्प्रेस्ड बायोगैस संयंत्र, टमस नदी पर पुल, कई सड़कें और पहुंच मार्ग शामिल हैं।

**शिवराज - जीएसटी बैठक**

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि ट्रैक्टरों और कृषि उपकरणों पर जीएसटी दरों में कटौती का सीधा लाभ किसानों को मिलना चाहिए। नई दिल्ली में कृषि मशीनरी और उपकरणों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री चौहान ने इस बात पर ज़ोर दिया कि जीएसटी दर को 12 या 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने से ट्रैक्टर और मशीनरी काफ़ी सस्ती हो जाएंगी। श्री चौहान ने कहा कि इस कदम से विभिन्न ट्रैक्टर श्रेणियों में 23 हज़ार रुपये से लेकर 63 हज़ार रुपये तक की कीमतों में उल्लेखनीय कमी आएगी।

**स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 सितम्बर को धार जिले से *"स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार"* अभियान का शुभारंभ किया था। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से बताया कि योजना के पहले ही दिन प्रदेश ने देशभर में अग्रणी स्थान प्राप्त किया है। प्रदेश में 18 सितबंर को 14 हजार 573 यूनिट स्वैच्छिक रक्तदान और 20 हजार 379 हितग्राहियों की सिकल सेल स्क्रीनिंग की गई। इस उपलब्धि के साथ मध्यप्रदेश पूरे देश में प्रथम स्थान पर रहा।

**क्रिकेट एशिया कप**

एशिया कप टी-20 क्रिकेट में ग्रुप-ए के अंतिम मुकाबले में आज भारत का सामना ओमान से होगा। अबूधावी में कप्तान सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में मैच शाम आठ बजे से खेला जाएगा। भारत दो मैचों में चार अंकों के साथ पहले ही सुपर -4 में पंहुच चुका है, जबकि ओमान टूर्नामेंट से बाहर हो चुका है।

**समाचार संक्षेप में** .....

- नर्मदापुरम में नवरात्रि पर इस बार 50 से अधिक स्थानों पर सार्वजनिक पंडालों में मां दुर्गा, काली और भगवान शिव की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी।
- स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत कल आगरमालवा जिले में चिकित्सकों की टीम द्वारा महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया गया।
- उधर झाबुआ में "स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान" के अंतर्गत जिला कलेक्टर ने उप स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने गर्भवती महिलाओं, किशोरियों और अन्य लाभार्थियों की जांच व्यवस्था की जानकारी ली।
- खण्डवा में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री उद्यम कांति योजना, संत रविदास स्वरोजगार योजना जैसी पूजन सामग्री की उत्पादन इकाईयों की स्थापना के लिए बिना गारंटी ऋण और ब्याज सब्सिडी दी जाएगी।
- मंडला जिले में कल सांसद खेल महोत्सव 2025 का शुभारंभ हुआ। जिले के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया । खेल महोत्सव 1 नवंबर से 25 दिसंबर तक चलेगा।

नमस्कार।

-----------------------------------